प्रादेशिक समाचार
08.09.2025 (दोपहर–1455 बजे)

उपराष्ट्रपति पद के लिए कल चुनाव होंगे। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार और झारखंड के पूर्व और महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा।

***********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बोकारो जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, डीएमएफटी की योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आज पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने इसकी जांच सीबीआई से कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस घोटाले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए भाजपा सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ेगी।

***********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी ने प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का संशोधित परिणाम जारी कर दिया है। लंबे इंतजार के बाद आए इस रिजल्ट में कुल 4 हजार 333 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है।

***********************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में आज हुई उच्चस्तरीय बैठक में जमशेदपुर के मानगो को नया पुलिस अनुमंडल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। मुख्य सचिव ने विधि व्यवस्था के कुशल संधारण के लिए राज्य के तमाम जिलों की जरूरतों का आकलन कराने का डीजीपी को निर्देश दिया।

***********************

रांची नगर निगम द्वारा सड़कों के किनारे से हटाए गए ठेला–खोमचा वालों ने आज निगम कार्यालय का घेराव किया। इन दुकानदारों ने निगम की कार्रवाई का विरोध करते हुए अपनी रोजी–रोटी का जरिया छिन जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इनकी संख्या लगभाग 300 से अधिक बताई जा रही हैं।

***********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों से भारत को ज्ञान और व्यापार का प्रमुख केंद्र बनाने का आह्वान किया है। राष्ट्ररपति ने आज नई दिल्ली में इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद–ईईपीसी के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

***********************

पलामू जिले में राज्य का पहला मॉडल केन्द्रीय कारा का निर्माण कराया जायेगा। इसकी तैयारी शुरु कर दी गयी है।

***********************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने राजधानी के सभी पूजा पंडालों को वैध बिजली कनेक्शन लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि अवैध कनेक्शन लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनज़र अधिकारियों को जांच अभियान चलाने का आदेश भी दिया है।

********समाप्त********